अज अदालत राजस्व अपील प्राधिकारी अजमेर

रामनाथ (मृ.) शम्भूलाल बनाम महावीर प्रसाद पुत्र ... जाति
... पुत्र रामनाथ जाति बैरवा / महावीर व अन्य /
किस्म मुकदमा ... नम्बर ... सन ...
प्रार्थना पत्र बाबत बाजदायरी 21/2022 नसीराबाद
2022/21

श्री सीताराम रावत

05.1.22 यह बाजदायरी प्रार्थना पत्र श्री मंगलाराम गुर्जर ने पेश किया। प्रार्थना पत्र बाद जॉच रिपोर्ट होकर पेश किया गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हों। अभिभाषक प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र पर सुनवाई किये जाने का निवेदन किया तत्पश्चात प्रार्थना पत्र पर अभिभाषक प्रार्थी को सुना गया।

अभिभाषक प्रार्थी ने दौराने बहस प्रार्थना निवेदन किया कि अपील माननीय न्यायालय के समक्ष दिनांक 24.12.2021 को वास्ते सुनवाई नियत थी जिसे माननीय न्यायालय के द्वारा अपील को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी मे खारिज फरमा दी गयी। अपील में माननीय न्यायालय द्वारा बरवक्त लगाये जाने आवाज प्रार्थी/अभिभाषक अन्य न्यायालय में बहस में व्यस्त होने के कारण बरवक्त श्रीमान के समक्ष उपस्थित नही हो सके और जब बाद में उपस्थित हुए तो पता चला कि उक्त अपील को अदम हाजरी एवं अदम पैरवी में खारिज फरमा दी गई है। अभिभाषक प्रार्थी ने आगे निवेदन किया कि प्रार्थी के अभिभाषक ने प्रार्थी को यह आश्वासन दे रखा था कि हर पेशी पर आने की आवश्यक्ता नहीं है जब भी जरूरत होगी सूचना कर देंगे इस कारण से भी प्रार्थी नियत दिनांक को उपस्थित नहीं हो सका। न्यायहित में उक्त अपील को पुनः नम्बर पर लिया जाकर अपील की सुनवाई गुणावगुण पर किया जाना आवश्यक है ताकि प्रार्थी के साथ उचित न्याय हो सके। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर उपरोक्त अपील को पुनः नम्बर पर लिया जाकर अपील का निस्तारण गुणावगुण पर किये जाने के आदेश न्यायहित में प्रदान करावें।

अभिभाषक प्रार्थीगण की बहस पर ... प्रार्थना पत्र व अपील का अवलोकन किया गया। ... प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर अपील का निर्णय गुणावगुण पर करना उचित समझते हैं।

अतः प्रार्थना पत्र प्रार्थना पत्र बाजदायरी को स्वीकार किया जाता है एवं अपील को पुनः नम्बर पर लिये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो।

राजस्व अपील प्राधिकारी
अजमेर